वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 317 शुक्रवार 15 मार्च 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमण्डल की बैठक आयोजित

# प्रदेशवासियों को मिली बड़ी राहत, पेट्रोल, डीजल पर वेट में 2 प्रतिशत की कमी

## सीमावर्ती एवं दूरस्थ जिलों में पेट्रोल, डीजल की कीमतों में विसंगति होगी समाप्त

## पेट्रोल की दरें 5.30 रुपए एवं डीजल की दरें 4.85 रुपए प्रति लीटर तक कम होंगी। राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को मंहगाई भत्ते में 4 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की सौगात




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा के साथ पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेशवासियों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए राज्य सरकार ने पेट्रोल एवं डीजल पर 2 प्रतिशत वेट की कमी करने, अलग-अलग जिलों में पेट्रोल व डीजल की दरों में अन्तर की विसंगति को दूर करने और सरकारी कार्मिकों को केन्द्र के समान 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते में बढ़ोतरी करने के महत्वपूर्ण निर्णय किये है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सीमावर्ती और दूरस्थ जिलों में लोगों को पेट्रोल और डीजल की दरें करीब 5 रूपए तक अधिक देनी पड़ रही थी, साथ ही, ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के डीलरों को भी इस विसंगति के कारण नुकसान उठाना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारन्टी को पूरा करते हुए राज्य सरकार ने पेट्रोल तथा डीजल की वेट दर में 2 प्रतिशत कमी की है। केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पूरी के निदेर्शानुसार दूरस्थ जिलों के लिए डिपो से पेट्रोल पम्प तक तेल परिवहन के मूल्य में भी कमी की गई है।

### 12 लाख 40 हजार सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशनरों के मंहगाई भत्ते में वृद्धि

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने सरकारी कार्मिकों एवं पेंशनर्स को संबल देने के लिए केन्द्र सरकार के अनुरूप मंहगाई भत्ते में 4 प्रतिशत वृद्धि करने का निर्णय किया है। इससे मंहगाई भत्ता 46 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा। प्रदेश के 8 लाख कर्मचारी एवं 4 लाख 40 हजार पेंशनर इस निर्णय से लाभान्वित होंगे। मंहगाई भत्ते की बढ़ी हुई दरें 1 जनवरी 2024 से प्रभावी होंगी। कर्मचारियों को मार्च 2024 के वेतन (देय अप्रैल 2024) से बढ़े हुए मंहगाई भत्ते का नकद भुगतान किया जाएगा। जनवरी एवं फरवरी माह की राशि संबंधित कर्मचारियों के जीपीएफ, जीपीएफ-2004 अथवा जीपीएफ-एसएबी खातों में जमा की जाएगी। सरकारी कार्मिकों एवं पेंशनर्स को यह राहत प्रदान करने के लिए राज्य सरकार 1640 करोड़ रूपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त वित्तीय भार वहन करेगी। पंचायत समिति एवं जिला परिषद के कर्मचारियों को भी बढ़े हुए मंहगाई भत्ते का लाभ मिलेगा।

### प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में होगा सवा दो लाख करोड़ रूपए का निवेश

मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है। तीन साल बाद राजस्थान बिजली उत्पादन के क्षेत्र सरप्लस की स्थिति में आ जाएगा और प्रदेश बिजली खरीदने के स्थान पर दूसरे राज्यों को बिजली बेचने में सक्षम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस क्रम में बीते दिनों 3 हजार 325 मेगावाट की थर्मल परियोजनाएं एवं 28 हजार 500 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं संयुक्त उपक्रम स्थापित करने के लिए करीब 1 लाख 60 हजार करोड़ रूपए के एमओयू किए गए है। राजस्थान ऊर्जा विकास निगम एवं एसजेवीएन के मध्य 600 मेगावाट सौर उर्जा परियोजनाओं से बिजली की आपूर्ति के लिए पावर परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इसमें 100 मेगावाट टैरिफ आधारित निविदा प्रक्रिया के तहत 2.62 पैसे प्रति यूनिट तथा 500 मेगावाट एमएनआरई की सीपीएसयू स्कीम के तहत 2.57 पैसे प्रति यूनिट की दर पर 25 वर्षों के लिए विद्युत आपूर्ति की जाएगी। शर्मा ने बताया कि 4800 मेगावाट कोल आधारित परियोजना, 8000 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना टैरिफ आधारित निविदा प्रक्रिया माध्यम से करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। इन परियोजनाओं की स्थापना से लगभग 64,000 करोड़ रुपए का निवेश अपेक्षित है। इस प्रकार प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में कुल करीब सवा दो लाख करोड़ रूपए का निवेश होगा।

# श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, चौमूं बाग,सांगानेर मे अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का हुआ आगमन





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ को मन्दिर जी के आस-पास कालोनी मे भ्रमण कराते हुए धर्म प्रभावना कर धर्म लाभ प्राप्त करने का सोभाग्य, सकल दिगम्बर जैन समाज चोमू बाग, सांगानेर को प्राप्त हुआ और सभी ने जुलूस मे गुरु मां प्रवर्तित रथ मे विराजमान 1008 श्री आदीनाथ भगवान की आरती अपने घर के सामने कर पुण्य अर्जन किया। प्रबन्ध समिती के मन्त्री-श्री पारस मल जैन बताया कि इसी क्रम मे सबसे पहले मन्दिर जी के जिनालय मे सकल दिगम्बर जैन समाज और अयोध्या तीर्थ से पधारे सम्मानीय शास्त्री अकंलक कुमार जी के मार्गदर्शन मे धर्म सभा का आयोजन कर बोली के माध्यम से विशेष पात्रो का चयन निम्न लिखित प्रकार से कर जुलूस को समय प्रातःकाल लगभग 9;00 बजे से प्रारंभ कर कालोनी मे भ्रमण कराया गया। सोधर्म इन्द्र मूल चन्द, प्रभास चन्द जी जैन पाटनी, धन कुबेर ईन्द्र विनोद कुमार, विरेन्द्र कुमार जैन (काला), श्री जी के रथ पर विराजमान आदीनाथ भगवान की आरती के पुण्यार्जक-कमल कुमार, लोकेश कुमार जैन पाटनी, पालना झूलन कर्ता-महिला मडंल, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, चौमू बाग, सांगानेर ने पुण्यर्जन किया। अंत मे मन्त्री श्री पारस मल जैन ने सभी को और महिला मण्डल के अध्यक्ष-श्रीमती सरोज देवी जैन (सोगाणी) एवं मन्त्री-श्रीमती दीप शिखा जैन ( अजमेरा ) को प्रबंध कार्यकारणी, चोमूं बाग, सांगानेर की ओर से बहुत-बहुत साधुवाद और हार्दिक शुभकामनाए व धन्यवाद प्रेषित किया।

## जयपुर में दो जगह ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले जनता को लुभाने के लिए भजनलाल सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव के ऐलान से पहले ही सरकार जयपुर में तीन महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का उद्घाटन करने जा रही है। इनमें जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाया जा रहा झोटवाड़ा आरओबी, बी-2 बाइपास अंडरपास और जवाहर सर्किल के सौंदर्यीकरण का काम शामिल है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी शुक्रवार को झोटवाड़ा आरओबी (राव शेखाजी) का लोकार्पण करेंगी। वहीं नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा बी-2 बाइपास अंडरपास और जवाहर सर्किल सौंदर्यीकरण के काम का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा मानसरोवर में बने फाउंटेन स्क्वेयर पार्क का भी लोकार्पण किया जाएगा।




भगवान महावीर के 2622 वें जन्मोत्सव समारोह के अन्तर्गत

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के द्वारा

मुख्य प्रायोजक: RK GROUP, R K GROUP, lasting impressions, Kishangarh, Rajasthan, WONDER CEMENT, EK PERFECT SHURUAT, www.rkmarble.com | www.wondercement.com

सह प्रायोजक: ARL, ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक: समाचार जगत

# हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन

**शनिवार, 16 मार्च 2024**

**समय : सायं 7.00 बजे से**

:: स्थान ::

**भट्टारक जी की नशियां,**
नारायण सिंह सर्किल, टोंक रोड़, जयपुर

## आमंत्रित कविगण


श्री सुरेन्द्र यादवेन्द्र (बारां)
(ठहाका सम्राट)


श्री संजय झाला (जयपुर)
(हास्य कवि)


श्री अशोक चारण (केकड़ी)
(वीररस कवि)


स्वर कोकिला दीपिका माही (उदयपुर)
(कवयित्री)


श्री दीपक पारीक (भीलवाड़ा)
(हास्य कवि)


श्री प्रहलाद चांडक (जयपुर)
(ओजस्वी गीतकार)


श्री अशोक भाटी (उज्जैन)
(संचालक व हास्य कवि)

## आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक

रक्तदान जीवन दान

## विशाल रक्तदान शिविर

DONATE BLOOD

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये।
चलो रक्तदान करे और करवाये ॥

भगवान महावीर की 2622 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत **मानव सेवार्थ 2550 यूनिट रक्त एकत्र करने के विशाल लक्ष्य** के साथ विभिन्न संस्थाओ के सहयोग से लगभग **50 स्थानों पर रक्तदान शिविर** आयोजित किये जायेंगे।

## 48 मण्डलों पर 48 दीपकों से भक्तामर अनुष्ठान



समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेन्द्र के. गोधा जी की पुण्य स्मृति में

**तृतीय जीवन रक्षक सम्मान समारोह-2024**

रक्तदान शिविर आयोजन में सहयोग करने वाली संस्थाओं का सम्मान

शनिवार, 20 अप्रेल 2024
समय : सायं 7.00 बजे से

**स्थान : छतरी वाला भाग, भट्टारक जी की नशियां, जयपुर**

## आमंत्रित अतिथिगण

समारोह गौरव
**श्रीमान् अशोक जी पाटनी**
**श्रीमती सुशीला जी पाटनी**
आर. के. मार्बल ग्रुप

समारोह गौरव
**श्रीमान् नन्द किशोर जी पहाड़िया**
**श्रीमान् प्रमोद जी पहाड़िया**
ए. आर. एल. ग्रुप

समारोह गौरव
**श्रीमती त्रिशला जी** (धर्मपत्नी स्व. श्री राजेन्द्र के. गोधा)
**श्रीमान् शैलेन्द्र जी गोधा, श्रीमान् निशान्त जी गोधा**
दैनिक समाचार जगत

मुख्य अतिथि
**श्रीमान् सुनील जी जैन (सी.ए.)**
प्रमुख समाज सेवी

अध्यक्षता
**श्रीमान् सुरेन्द्र जी जैन पाण्ड्या**
कार्याध्यक्ष : दि.जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन

दीप प्रज्जवलनकर्त्ता
**श्रीमान् उमराव मल जी संघी**
अध्यक्ष-श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद्

विशिष्ट अतिथि
**श्रीमान् महेश जी काला**
राष्ट्रीय मंत्री : भा. दि.जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी
अध्यक्ष : वीर सेवक मण्डल

विशिष्ट अतिथि
**रोटेरियन श्रीमान् सुधीर जी जैन गोधा**
संस्थापक अध्यक्षः धर्म फाउण्डेशन ट्रस्ट (रजि.)

विशिष्ट अतिथि
**श्रीमान् निर्मल जी सौगानी**
सदस्य-नेशनल रोड़ सेफ्टी कॉउन्सिल (NRSC)

गौरवमय अतिथि
**श्रीमान् आशीष-निधी बाकलीवाल**
प्रमुख समाज सेवी ( दिल्ली )

गौरवमय अतिथि
**श्रीमान् पीयूष-मोनाली सोनी जैन**
प्रमुख समाजसेवी एवं अध्यक्षः ग्लोरी ग्रुप

**आप सपरिवार इष्टमित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।**

**सहयोगी दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप :: जयपुर मेंन, गुलाबी नगर, आदिनाथ, नवकार, जैन भारती, मैत्री, डायमंड, वर्धमान, पार्श्वनाथ, तीर्थंकर पिंक पर्ल, वात्सल्य, संगिनी फॉरएवर, सम्यक, वीर, स्वस्तिक, विराट, मालपुरा, गंगापुर सिटी, दौसा, सीकर, श्री महावीर जी, प्रज्ञा (निवाई)**

ग्रुप संयोजक :: धनु कुमार जैन, श्रीमती सुशीला बड़जात्या, कैलाश चन्द बिंदायका, मोहनलाल गंगवाल, श्रीमती प्रमिला शाह, सुनील बड़जात्या, राजेन्द्र सेठी, अनिल पाटनी, रवि सेठी ईजी. पी.सी. छाबड़ा, डॉ.मोहन लाल जैन 'मणी', राजेश चौधरी, अनिल टोंग्या, श्रीमती शकुन्तला बिन्दायका, महावीर बोहरा, नीरज जैन, सतीश बाकलीवाल, बसंत जैन

## आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मनीष-शोभना लोंग्या<br>अध्यक्ष | राकेश-समता गोदिका<br>संस्थापक अध्यक्ष | सुरेन्द्र-मृदुला पाण्ड्या<br>संरक्षक | दर्शन-विनिता जैन<br>संरक्षक | विनोद-शशि तिजारिया<br>संरक्षक | राजेश-जैना गंगवाल<br>संरक्षक | दिनेश-संगीता गंगवाल<br>परामर्शक | राजेश-रानी पाटनी<br>सचिव |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| संजय-ज्योति छाबड़ा<br>वरिष्ठ उपाध्यक्ष | राकेश-रेणु संघी<br>वरिष्ठ उपाध्यक्ष | चक्रेश-पिंकी जैन<br>उपाध्यक्ष | विनोद-हेमा सोगानी<br>उपाध्यक्ष | अनिल-निशा संघी<br>उपाध्यक्ष | सुनील-सुनीता गोदिका<br>उपाध्यक्ष | राजेश-रितु छाबड़ा<br>संगठन सचिव |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अनिल-अनिता जैन<br>संगठन सचिव | प्रदीप-प्राची बाकलीवाल<br>संयुक्त सचिव | चेतन-डॉ.अनामिका पापडीवाल<br>संयुक्त सचिव | कमल-मंजु ढोलिया<br>सांस्कृतिक सचिव | राजेन्द्र-कुसुम जैन<br>खेल सचिव | दिलीप-प्रमिला जैन<br>कोषाध्यक्ष |

कार्यकारिणी सदस्य : अनिल-ज्योति चौधरी ✻ डॉ अनुपम-विनीता जैन ✻ नितेश-मीनू पाण्ड्या ✻ सपन-रजनी छाबड़ा ✻ पंकज-नीना जैन
विशेष आमंत्रित : अनिल-प्रेमा रांवका, अशोक-अर्चना पाटनी ✻ अशोक सेठी

## निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजेश बड़जात्या<br>अध्यक्ष | अनिल जैन IPS<br>संस्थापक अध्यक्ष | सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या<br>परामर्शक | नवीन सेन जैन<br>परामर्शक | यश कमल अजमेरा<br>निर्वतमान अध्यक्ष | अतुल बिलाला<br>पूर्व अध्यक्ष | सुनिल बज<br>कार्याध्यक्ष | सुरेश जैन (बांदीकुई)<br>कार्याध्यक्ष | पारस कुमार जैन<br>कोषाध्यक्ष | निर्मल संघी<br>महासचिव |

## आयोजन समिति

| | |
|---|---|
| दर्शन बाकलीवाल<br>मुख्य समन्वयक | राकेश गोदिका<br>मुख्य समन्वयक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुरेन्द्र पाण्ड्या<br>परामर्शक | राजेश गंगवाल<br>परामर्शक | विनोद तिजारिया<br>परामर्शक | दिनेश गंगवाल<br>परामर्शक |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संजय छाबड़ा<br>समन्वयक | राकेश संघी<br>समन्वयक | अनिल संघी<br>समन्वयक | चक्रेश जैन<br>समन्वयक | अनिल रावंका<br>समन्वयक |
| राजेश छाबड़ा<br>समन्वयक | राजीव जैन<br>समन्वयक | कमल ढोलिया<br>सह-समन्वयक | प्रदीप जैन बाकलीवाल<br>सह-समन्वयक | अनिल जैन चौधरी<br>सह-समन्वयक |

| | | |
|---|---|---|
| नितेश पाण्ड्या<br>संयोजक | सपन छाबड़ा<br>संयोजक | सुधीर गोधा<br>संयोजक |

**सम्पर्क सूत्र :: 9414078380**
**9414073035 9785074581**
**9829594488, 9414041225**

# वेद ज्ञान

## दुनिया में रहे हमारे सिद्धांत की विरासत

सिद्धांत शब्द का संधि विच्छेद है सिद्ध-अंत। सार्वजनिक व सार्वभौमिक कल्याण कामना से जो भाव-विचार सिद्ध हों या जिस भाव-विचार की सिद्धि लोक-कल्याण के लिए कार्यरूप में हो, वही सिद्धांत कहलाता है। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और समुदाय की सुख-शांति के लिए एक विचार प्रकट होता है। इस विचार में यदि वास्तव में सर्वसुख-शांति की शक्ति है और व्यावहारिक बनने पर यह विचार अपनी वैचारिक श्रेष्ठता बनाए रख सकता है तो यह सिद्धांत में बदल जाता है। इसी प्रकार के अनेक विचार अपनी-अपनी वैचारिकता और व्यावहारिकता के सामंजस्य से मानव उत्थान में जो योगदान देते हैं, उसी आधार पर वे सिद्धांत बनते हैं। चूंकि मानवीय जीवन चाहे-अनचाहे उत्तरोत्तर कल्याण, विकास की ही कामना रखता है इसीलिए सार्वभौमिक कल्याणकारी विचार और व्यवहार के फलस्वरूप जो सामाजिक सूचना प्रसारित होती है, वह धीरे-धीरे सर्वस्वीकार्य हो जाती है। इस तरह एक सिद्धांत उत्पन्न होता है। समझदार और प्रौढ़ व्यक्ति के जीवन में कुछ न कुछ सिद्धांत अवश्य होते हैं। सिद्धांत से तात्पर्य दैनिक वस्तुओं के उपभोग के नियम में बंधने से नहीं है। मनुष्य के भाव-विचार वास्तविक संसार के विषयों से अलग होकर व्यक्तिगत चेतना से संचालित होने चाहिए। ऐसा होने पर विषयों के प्रति आत्मिक दृष्टिकोण बनने लगता है। इसके बाद दुनियावी पूर्वग्रह एक नई विचार-छलनी से छलने लगते हैं और इसमें से निकलकर जो नव-विचार व्यक्ति को उचित लगते हैं, वे सिद्धांतों का रूप ग्रहण करते हैं। प्रत्येक विचार परोपकार की भावना से पोषित होना चाहिए। इस उपक्रम से सैद्धांतिक वातावरण बनने लगता है। मनुष्य अपने इष्टतम ज्ञान को पहचाने। यह तभी संभव है, जब उसके ज्ञान के सिद्धांत निर्धारित हों। इस दुनिया में सभी का जीवन निर्धारित समय तक ही है। यदि कोई अपनी मृत्यु के बाद इस संसार में कुछ छोड़ जाता है, तो वे उसके मौलिक व मानवीय सिद्धांत ही होते हैं। आध्यात्मिक दृष्टिकोण अपनाकर आसानी से समझा जा सकता है कि जीवन के बाद भी हमारी पहचान हमारे सकारात्मक और जीवन से संबंधित सिद्धांतों के बल पर ही हो सकती है।

# संपादकीय

## अंतरराष्ट्रीय संगठनों की चुप्पी हैरान करने वाली

यूक्रेन के साथ संघर्ष को लेकर रूस का रवैया अब भी बहुत बदला नहीं है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फिर से दोहराया है कि अगर देश की संप्रभुता या स्वतंत्रता को कोई खतरा पैदा होगा, तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। परमाणु हमले की धौंस वे पहले भी दे चुके हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले को दो वर्ष से अधिक समय हो गया। इस बीच कई देशों ने युद्ध विराम के लिए मध्यस्थता करने की कोशिश की, मगर उसमें



कोई कामयाबी नहीं मिल पाई। अब भी रूस किसी न किसी बहाने यूक्रेन पर हमले करता रहता है। इस युद्ध की वजह से अब तक यूक्रेन के करीब दस लाख नागरिक अपने देश में ही बंदी बन कर रह गए हैं और करीब इतने ही लोग विस्थापित हो चुके हैं। दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष के कारण पूरी दुनिया की आपूर्ति शृंखला बाधित है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद शुरू में जिस तरह विश्व शक्तियों का ध्रुवीकरण होने लगा था, उससे लगा था कि यह विश्वयुद्ध का कारण बन सकता है, मगर वह खतरा टल गया। रूस की यूक्रेन से नाराजगी इस बात को लेकर है कि उसने यूरोपीय देशों के सुरक्षा संगठन नाटो की सदस्यता ले ली। जब तक यूक्रेन उससे अलग नहीं होता, तब तक रूस उससे किसी भी प्रकार की बातचीत को तैयार नहीं है। वह यूक्रेन को काफी नुकसान पहुंचा और उसके कई



इलाकों पर कब्जा कर चुका है। वह चाहता है कि यूक्रेन उसके सामने समर्पण कर दे। मगर यूक्रेन झुकने को तैयार नहीं। इसलिए यह संघर्ष अब रूस के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुका है। परमाणु हमले की धौंस भी पुतिन ने इसी जुनून में दी है। जिस तरह रूस कई बार गढ़े हुए बहाने बना कर और अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों का उल्लंघन करते हुए यूक्रेन पर हमले कर चुका है, उसे देखते हुए पुतिन के बयान को बहुत हल्के में लेना भी ठीक नहीं। मगर आज की स्थिति में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल दुनिया में कैसी तबाही ला सकता है, कल्पना से परे है। इस पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों की चुप्पी हैरान करती है।

# परिदृश्य

## विरोध क्यों?

यह तो तय था कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, यानी सीएए के नियमों को लागू करने संबंधी अधिसूचना जिस किसी दिन भी जारी होगी, इसे लेकर एक बार फिर राजनीतिक मोचेबंदी देखने को मिलेगी और सियासी पार्टियां अपने मुफीद मोर्चे पर जा खड़ी होंगी। ऐसे में, पश्चिम बंगाल और केरल के बाद अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन का रुख भी अप्रत्याशित नहीं है। सीएए को संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध बताते हुए उन्होंने एलान किया है कि वह इसे तमिलनाडु में लागू नहीं होने देंगे। विडंबना यह है कि जिस संविधान की दुहाई देते हुए ये मुख्यमंत्री सीएए कानून को अपने-अपने प्रदेश में लागू न होने देने की बात कह रहे हैं, वही उन्हें ऐसा करने का अधिकार नहीं देता! हमारे संविधान निमार्ताओं ने संघीय ढांचे का प्रारूप तय करते समय ऐसे संभावित हालात पर काफी बहस-विमर्श के बाद अधिकारों का स्पष्ट बंटवारा किया था और उनकी तीन विषय-सूची बनाई थी- केंद्रीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची। नागरिकता केंद्रीय सूची का विषय है। इससे जुडे.कानून को राज्य सरकारें नकार नहीं सकतीं। अलबत्ता, असहमति की सूरत में वे शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट संविधान का संरक्षक है। ऐसा नहीं है कि ये मुख्यमंत्री इस हकीकत से नावाकिफ हैं या सीएए संबंधी अधिसूचना अचानक उनके सामने आ प्रकट हुई है। गृह मंत्री अमित शाह पूर्व में कई बार कह चुके थे कि आम चुनाव से पहले इसे लागू कर दिया जाएगा। निस्संदेह, इस अधिसूचना के जारी किए जाने के समय के अपने राजनीतिक निहितार्थ हो सकते हैं, मगर इसका मुकाबला भी इन मुख्यमंत्रियों को राजनीतिक रूप से ही करना चाहिए। पर इसके विरोध में यह कहना कि वे इस कानून को अपने यहां लागू नहीं होने देंगे, कहीं न कहीं सांविधानिक शपथ का उल्लंघन है। जब केरल सरकार ने खुद संविधान के अनुच्छेद-131 के तहत इस कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रखी है, बल्कि इस संदर्भ में सौ से भी ज्यादा याचिकाएं दायर हैं और केंद्र ने भी अदालत में दायर अपने शपथपत्र में कह रखा है कि यह कानून किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता को प्रभावित नहीं करता, तो सांविधानिक पद पर बैठे स्टालिन जैसे लोगों को सुप्रीम कोर्ट के ऊपर भरोसा करना चाहिए। अदालत का फैसला इसकी वैधानिक स्थिति तय कर देगा। दरअसल, हाल के वर्षों में केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ राजनेताओं की सियासी प्रतिद्वंद्विता जिस तरह शासकीय टकराव में तब्दील होती गई है, उससे निकट भविष्य में देश के संघीय ढांचे के आगे गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। जांच एजेंसियों के बीच कटु टकराव के अब कई उदाहरण हमारे सामने हैं। मगर कानून-व्यवस्था राज्य के विषय हैं, इसलिए मुख्यमंत्रियों को किसी भी संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करते हुए हमेशा यह याद रखना चाहिए कि किसी किस्म के धार्मिक-जातीय ध्रुवीकरण से उनके राज्य के सामाजिक ताने-बाने को गंभीर चोट पहुंच सकती है। सीएए विरोधी पिछले प्रदर्शनों में ही किस पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ था, इसे हम अभी भूले नहीं हैं। सीएए कानून को लेकर खास तौर से पूर्वोत्तर के राज्यों में काफी गहरी आशंकाएं रही हैं। वहां ज्यादातर भाजपा या उसके सहयोगी गठबंधन की ही सरकारें हैं, इसलिए सीएए संबंधी नए नियमों के बारे में पूर्वोत्तर के नागरिकों को जागरूक करने की बहुत आवश्यकता है। खासकर मणिपुर की हिंसा को देखते हुए, जो देश के लिए सिरदर्द बन चुकी है।

# Mahaveer Public School

A Senior Secondary Co-Educational English Medium CBSE Affiliated School
(Under the aegis of Shri Mahaveer Digmbar Jain Shiksha Parishad)
C.B.S.E. Affiliation No. 1730137

## ADMISSION OPEN FOR CLASSES NURSERY TO IX & XI
## SCIENCE, COMMERCE AND HUMANITIES

## SESSION 2024-25

NEP Aligned Curriculum
Integrated and Experiential Learning

SCAN HERE TO REGISTER



MAHAVEERA BALVADI (NUR TO PREP)
DIGITAL SMART AC CLASSROOMS



Musical genre of Bagpipe Band

REGISTRATION FORMS AVAILABLE AT SCHOOL OFFICE BETWEEN 9.00 AM AND 1.00 PM ON ALL WORKING DAYS.

FOR ONLINE REGISTRATION : www. mahaveerpublicschool.org

### SPECIAL FEATURES

- Student friendly infrastructure.
- Free of cost zero period activities.
- Judicious balance of indoor and outdoor games.
- Moral Education camp and sessions.
- Option for Skill Subjects.
- Fine blend of Academics with Subject Enrichment Activities.
- Well Equipped and Ultra Modern AI, Geography, Mathematics, Chemistry, Physics, Biology and Computer Labs.
- Professional training for Gymnastics, Judo, Skating, Yoga and All Indoor Games.
- Cricket Academy.
- Large sprawling field.
- CCTV Enabled Secured Campus.




Cultural Exposure



Experiential Learning



Hands on learning




Unlocking true potential



Artistic exercise through gymnastics

Vardhman Path, Mahaveer Marg, C-Scheme, Jaipur-1, Ph.: 0141-2376797, Mob.: 9799938366
Email: schoolmahaveerpublic@gmail.com, Website: www.mahaveerpublicschool.org
/mahaveerpublicschooljpr /mahaveerpublicschooljpr

## इंजीनियर्स कॉलोनी में शांतिनाथ मंदिर में मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



जयपुर. शाबाश इंडिया। दिनांक 14.03.2024 को इंजीनियर्स कॉलोनी में शांतिनाथ मंदिर में भगवान मलिनाथ का मोक्ष कल्याण पर्व मनाया गया भगवान के समक्ष लड्डू अर्पित किया गया। इस अवसर पर कमल चंद छाबड़ा, महावीर प्रसाद जैन, प्रकाश चंद सेठी, अनिल बोहरा, गिरीश जैन, मनीष जैन आदि श्रावक उपस्थित रहे।




## दुर्गापुरा में भगवान मल्लिनाथ जी के मोक्ष कल्याणक मनाया

जयपुर. शाबाश इंडिया। 14 मार्च गुरुवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर चंद्र प्रभु जी दुर्गापुरा में भगवान मल्लिनाथ जी के मोक्ष कल्याणक के पावन दिवस पर निर्वाण लाडू चढ़ाया।






# सखी गुलाबी नगरी

*Presents*

## एक और रंगारंग एवं मनोरंजक कार्यक्रम

# Jashn-E-Holi

**Friday, 15th March, 2024**

फूलों की होली

Colourfull Blast

VENUE -
**Hotel Prime Safari**
Ajmer Road, Gopalpura Byepass.

## PROGRAM SCHEDULE

**Registration N Gift Coupon**
1:00 pm to 2:00 pm

**Welcome Drinks & Starters**
1:00 pm to 2:30 pm

**Games Masti n Housie**
2:00 pm to 4:30 pm
with Attractive Prizes.

**Holi Dhamal with Chang n Dhap**
4:30 pm to 6:00 pm
Dinner - 6:00 pm onwards

## HEALTH TALK SHOW

Dabur

Dabur India Limited

## HOUSIE SPONSOR

BRS
B R SONS JEWELLERS

SHRESHTH SONI

Alisha Jain, Brand Ambassador
Anila Kothari, Patron
Ritu Kasliwal, Patron
Kusum Sanghi, Patron
Mamta Sogani, Patron
Rakhi Gangwal, Patron

अध्यक्ष – **सारिका जैन**

सचिव – **स्वाति जैन**

अनिता जैन, उपाध्यक्ष
सुषमा जैन, उपाध्यक्ष
ममता सेठी, संयुक्त मंत्री
मोनिका जैन, संयुक्त मंत्री
रितु जैन, संयुक्त मंत्री
नेहा जैन, कोषाध्यक्ष
मनीषा जैन, सांस्कृतिक मंत्री
रेशमा गोदीका, ग्रीटिंग कॉर्डिनेटर
आशा जैन, पी.आर.ओ.

**कार्यकारिणी सदस्य**

अनिता जैन, अंशु जैन, इंदु जैन, नीमा सौगानी, नीलू जैन, निकिता जैन, रानी पाटनी, सुनीता जैन, सुनीता कसेरा, सरोज जैन



# जैन इंजीनियर्स सोसायटी जयपुर साउथ चैप्टर का दल श्री लंका भ्रमण पर रवाना




**चैप्टर के सचिव दम्पति इंजी. पी के जैन व श्रीमती कुसुम जैन ने सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर मंगलमय प्रवास के लिए शुभकामना दी...**

**प्रस्थान से पूर्व सभी सदस्यों ने श्री लंका यात्रा की सफलता की कामना हेतु दिनांक 13 मार्च, 2024 को भट्टारकजी की नसिंया में सामुहिक णमोकार मंत्र जाप किया...**

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव वर्ष के दौरान भगवान महावीर के सन्देश ''जीयो और जीने दो'' के प्रसार की भावना के साथ जैन इंजीनियर्स सोसायटी जयपुर साउथ चैप्टर के 40 सदस्यीय दल इंजी. पी सी छाबडा (उपाध्यक्ष जेस फाउंडेशन) के नेतृत्व में दिनांक 14 मार्च, 2024 को प्रातः श्री लंका के 8 दिवसीय भ्रमण पर रवाना हुआ । प्रस्थान से पूर्व सभी सदस्यों ने श्री लंका यात्रा की सफलता की कामना हेतु दिनांक 13 मार्च, 2024 को भट्टारकजी की नसिंया में सामुहिक णमोकार मंत्र जाप किया । चैप्टर के सचिव दम्पति इंजी. पी के जैन व श्रीमती कुसुम जैन ने सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर मंगलमय प्रवास के लिए शुभकामना दी । इस 8 दिवसीय भ्रमण दल में चैप्टर के इंजी. अरुण जैन (उपाध्यक्ष), इंजी. राकेश बगड़ा (उपाध्यक्ष), इंजी. डी एम जैन (कार्य. सदस्य), इंजी. माणिक जैन (कार्य. सदस्य), इंजी. सी आर गोधा (कार्य. सदस्य), इंजी. रवि मेहता (कार्य. सदस्य), इंजी. सुबोध जैन, इंजी.सुभाष कासलीवाल सहित अन्य सदस्य सम्मिलित हैं । यह दल श्री लंका प्रवास के दौरान पर्यटन के साथ साथ भगवान महावीर के संदेश को जन जन में प्रसारण भी करेगा ।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक–ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई–मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com



# खंडेलवाल प्रोफेशनल एसोसिएशन द्वारा सीआईआरसी अध्यक्ष सी ए आकाश बडगोती का किया सम्मान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

खंडेलवाल प्रोफेशनल एसोसिएशन द्वारा हाल ही में हुए सीआईआरसी क्षेत्रीय चुनावों में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए अध्यक्ष सी ए आकाश बडगोती का सम्मान किया गया। सीआईआरसी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के 5 रीजन में सबसे बड़ा रीजन है जो की 7 राज्यो को मिलाकर बना है। उलेखनीय है कि अध्यक्ष पद पर जयपुर से 16 साल बाद आकाश बडगोती का निर्वाचन हुआ है जो की पूरे जयपुर की सी ए सदस्यों की अत्यंत हर्ष का विषय है। इस कार्यक्रम में खंडेलवाल समाज के आर्थिक जगत के प्रबुद्धजन ने शिरकत की व सी ए आकाश बडगोती का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सीए बी एल दूसाद, सीए शंभु गुप्ता, सीए दिनेश नाटाणी एवं सीए यश गुप्ता थे। खंडेलवाल प्रोफेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष के. एल. गुप्ता एवं पूर्व सचिव सीए मुकेश खण्डेलवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।






# मानसरोवर में भगवान मल्लिनाथ जी के मोक्ष कल्याणक का लाडू अर्पित किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर जयपुर में श्री दिगंबर जैन समाज समिति वरुण पथ मानसरोवर द्वारा श्री श्री 1008 भगवान मल्लिनाथ जी के मोक्ष कल्याण के पावन अवसर पर निर्वाण लाडू अर्पित किया गया । इस अवसर पर तीनों वेदीयो पर विराजमान भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा करने के पश्चात पूर्ण विधि विधान एवं मंत्रोचार से निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। निर्वाण लाडू के पुण्यार्जक के रूप में समाज सेवी विनेश प्रीती सोगानी , सुरेंद्र सोनल जैन , अक्षय आशा गोधा, चंदा देवी महेंद्र कासलीवाल, राजेंद्र उषा झाझरी, कमल उषा सोगानी ने सौभाग्य प्राप्त किया। कार्यक्रम में ज्ञान बिलाला, कैलाश सेठी,विनेश सोगानी, विनोद छाबड़ा , दिपेश अजमेरा,अरूण जैन, अजीत जैन बी ओ बी, सतीश कासलीवाल,जैनेंद्र पाटनी, कमल जैन,मनीष जैन, संतोष अलका कासलीवाल सुरेन्द्र जैन, सुनील गोधा, आरव सोगानी भंवरी देवी काला, आशा सेठी,अंजू जैन,उषा झाझरी, कनकलता जैन बांदीकुई वाले, निधि लुहाड़िया भरतपुर, निर्मला पाटनी सहित अनेकों साधर्मी बंधु उपस्थित रहे।

# तीर्थंकर मल्लीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध कार्यकारणी श्री दिगंबर जैन मंदिर समिति ट्रस्ट हीरा पथ मानसरोवर जयपुर में भगवान मल्लिनाथ मोक्ष कल्याणक लड्डू बड़े ही भक्ति भाव से निर्वाण लाडू चढ़ाने का पुण्य सुनील, सीमा, अमन, शुभम, बरखा, श्वेता छाबड़ा परिवार मोजमाबाद वाली ने प्राप्त किया। देवेंद्र छाबड़ा ट्रस्ट ने बताया कि इस अवसर पर समाज के कल्याण मल, शकुंतला , शांति , नरेश, पवन, पंकज, संजय, सतीश, सुरेश, विनोद सहित समाज के अनेक श्रेष्ठीगण मौजूद रहे।






# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार, जयपुर की विदेश यात्रा संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार, जयपुर की 8 दिवसीय दुबई आबू धाबी की विदेश यात्रा संपन्न हुई। ग्रुप अध्यक्ष, मोहनलाल गंगवाल द्वारा अवगत कराया कि 05 मार्च से 13 मार्च तक ग्रुप के 70 सदस्यों द्वारा कार्याध्यक्ष,सुरेश चन्द जैन,बांदीकुई के नेतृत्व में दुबई,आबू धाबी की यात्रा की गई। जिसमे मिरेकल गार्डन, बुर्ज खलीफा, म्यूजियम ऑफ द फ्यूचर, ग्लोबल विलेज,डॉल्फिन शो,दुबई मॉल, फाउंटेंस शो,गोल्ड सूक,डेरा सिटी, दुबई फ्रेम,डेजर्ट सफारी, मोनो रेल,आबू धाबी किंग पैलेस, हिंदू मन्दिर आदि बहुत से दार्शनिक स्थान देखे । होटल जैकब गार्डन दुबई ठहरने की व्यवस्था की गई।यात्रा के दौरान डॉ.सुनील कुमार जैन - डॉ.रश्मि जैन एवं डॉ. देवेन्द्र कुमार जैन द्वारा सभी के स्वास्थ्य का ध्यान रक्खा गया तथा आवश्यकता अनुसार सदस्यों को दवाई उपलब्ध करवाई गई।ग्रुप के सभी सदस्यों द्वारा इस यात्रा की बहुत सराहना की गई। ठहरने एवं भोजन आदि का बहुत ही अच्छा प्रबन्ध किया गया। टूर ऑपरेटर ईश्वर दास द्वारा सभी सदस्यों का ध्यान रखते हुए अच्छा प्रबन्ध किया गया। मुख्य परामर्शक,श्रीमती चन्द्र कांता छाबड़ा द्वारा सभी सदस्यों द्वारा किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। ग्रुप अध्यक्ष, मोहनलाल गंगवाल द्वारा घोषणा की गई की शीघ्र ही सभी सदस्यों के सम्मान में मीटिंग आयोजित की जावेगी।






# श्री मल्लिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया

**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः श्री मल्लिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण महोत्सव बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रातः श्रावकों ने बारी-बारी से श्रीशांतिनाथ भगवान एवं श्री पार्श्वनाथ भगवान पर अभिषेक किया एवं आसाराम अग्रवाल, लक्ष्मीकांत जैन, कमल गंगवाल परिवार, चांदमल जैन ने शांतिधारा की। इस उपरांत निर्वाण कांड का पाठ कर भक्ति- भाव से श्री मल्लिनाथ भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाया। बधाई गीत के साथ महिलाओं ने भक्ति नृत्य कर वातावरण को धर्ममय कर दिया। श्रावक-श्राविकाओ ने श्री मल्लिनाथ भगवान की पूजा- अर्चना कर अर्ग समर्पण किये। इस अवसर पर कई धमार्लुगण उपस्थित थे।

# जैन धर्म के 19 वें तीर्थंकर मल्लीनाथ भगवान का मनाया मोक्ष हर्षोल्लास से



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चौरू, नारेडा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया एवं लदाना कस्बे के आदिनाथ मंदिर, बीचला मंदिर,मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ,पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के 19 वें तीर्थंकर मल्लीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में आज प्रातः श्रावकों द्वारा श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए जैन- धर्म के 19 वें तीर्थंकर मल्लीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव का जयकारों के साथ सामूहिक रूप निर्वाण लाडू चढ़ाकर विश्व शांति की कामना की गई। मंदिर समिति के प्रतिनिधि महावीर मोदी ने अवगत कराया कि कार्यक्रम आज प्रवीण कुमार- अशोक कुमार बजाज परिवार की अगुवाई पंडित मनीष गोधा के दिशा-निर्देश में विभिन्न मंत्रोचारणों के द्वारा शांति नाथ महामंडल विधान की पूजा अर्चना की गई जिसमें 51 पूज्यार्थियों द्वारा मंडल पर श्री फलों द्वारा 120 अर्घ्य अर्पित कर विश्व शांति की कामना की गई। कार्यक्रम में पंडित संतोष बजाज, रमेश बजाज,पदम बजाज, प्रवीण बजाज, अशोक बजाज, महावीर बजाज,महावीर प्रसाद मोदी, कमलेश झंडा,विनोद कमल झंडा, सुशील कासलीवाल, जीतू मोदी, हेमलता बजाज, निर्मला बजाज,कमला बजाज,मेम बजाज, कांता बजाज,मंजू झंडा, शोभा झंडा रेखा झंडा,सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

# सब्र व सहनशीलता कमजोरी नहीं : गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.) में विराजमान अतिशयकारी 1008 श्री शांतिनाथ भगवान के चरण कमल में गणिनी आर्यिका गुरु मां विज्ञाश्री माताजी के मुखारविंद से होने वाली अभिषेक शान्तिधारा का अवसर शैलेन्द्र, हितेश, विमल जौला निवाई वालों ने प्राप्त किया।जन्मदिन के उपलक्ष्य में शैलेंद्र जैन निवाई ने पूज्य गुरु माँ का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया ।साथ ही सभी ने पूज्य माताजी ससंघ की निर्विघ्न आहारचर्या सम्पन्न करवाई। माताजी ने सभी को सहनशक्ति बढ़ाने व क्रोध शांत करने के लिए उद्बोधन देते हुए कहा कि -गुस्सा पलभर में सबकुछ बर्बाद कर देता है।गुस्से को काबू कर लिया जाए तो कई समस्याओं से बचा जा सकता है।क्रोध में सहनशीलता खत्म हो जाती है, सहनशीलता के बिना हम सही-गलत का भेद नहीं कर पाते हैं, इसी वजह से परेशानियां बढ़ जाती हैं।आगे समझाते हुए माताजी ने कहा अपने खिलाफ होने वाली बातों को खामोशी से सुन लेना तो यकीन मानना वक्त उसका बेहतरीन जवाब देगा क्योंकि सब्र व सहनशीलता कोई कमजोरी नहीं होती है ।ये तो अंदरूनी ताकत होती है जो सब में नहीं होती।

# अपनी चौबीस घण्टे की क्रिया को शगुन बना लो, परिणाम कुछ अच्छा ही निकलेगा : निर्यापक मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज

## थूवोनजी कमेटी ने मध्यप्रदेश आगवानी में की सहभागिता

**छतरपुर. शाबाश इंडिया**

कोई भी वस्तु तुमने प्राप्त की है क्या उससे तुम्हे आनन्द की अनुभूति हुई है। जिस भूमि पर जन्म लिया है उसके प्रति अहोभाग्य है, जिस घर में जन्मे हो, जिन माँ बाप की गोदी में खेले हो क्या कभी आनंद की अनुभूति हुई, यदि स्वयं के अंदर से एक आनंद का स्फुरण हुआ है समझ लेना जीवन के रहस्य को, इस सृष्टि को तुम बहुत जल्दी समझ जाओगे उन्होंने कहा कि दुविधा में पड़ा हुआ व्यक्ति किसी भी वस्तु का निर्णय नही कर पाता, जन्म हमारे अतीत का किया हुआ पुरस्कार है, मरण हमारे हाथ मे है नही, मरण और जन्म के बीच का जो जीवन है बस उस रहस्य को समझना है। यह रहस्य तभी समझ मे आएगा कि जब हमें जीवन को ये अनुभूति हो कल भी मैं था, बहुत अच्छा था, कल भी मैं रहूँगा, बहुत अच्छा रहूँगा ये दो घोषणाये आपको अपनी जिंदगी में करना है अपने आपके लिए, दुनिया के सामने नही उक्त आश्य केउद्गार मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

## छतरपुर जिले के भक्तों के साथ हम प्रदेश की धरती पर अगवानी कर रहे हैं : धुर्रा

इसके पहले छितिज गार्डन शहर वाहर छतरपुर में सभा का संचालन करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज पहली बार संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्राभावक शिष्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज ससंघ का छतरपुर जिले में भव्य प्रवेश पर मध्यप्रदेश के विभिन्न हिस्सों से भक्तों के समूह पधारे हैं उन्हें मैं आमंत्रित कर रहा हूं । थूवोनजी कमेटी के शिरोमणि संरक्षण संजीव श्रागर, शैलेन्द्र दददा, महामंत्री विपिन सिंघई, मंत्री विनोद मोदी ,मनीष जैन, सानू जैन अशोक नगर, दिल्ली पुलिस के पूर्व डीजीपी एस के जैन, लार्ड गंज जवलपुर के अध्यक्ष



प्रदीप ऐच पी ,प्रदीप रद्दी शाहागंढ, समाज अध्यक्ष सुशील शाह, ललितपुर समाज संयोजक राजेन्द्र धनवारा,पीलू जैनदौड़ गिरि कमेटी के मंत्री सुनील जैन राजेश रागी वगंसवा छतरपुर जैन समाज के अध्यक्ष अरुण जैन देवेन्द्र जैन रमेश जैन सतना जतरा टीकमगढ़ चक्रेश जैन वामौरकला कानपुर पंचकल्याणक महोत्सव के संयोजक आमोद जैन महामंत्री अनिल जैन छतरपुर जिले के सैकड़ों भक्तों ने जिले की सीमा पर आगवानी की और हम जिज्ञासा समाधान में बैठे हैं जहां गुरु देव की वाणी सुनने को मिलेगी। दर्पण में चेहरा देखने का बहिमुर्खी वहर आत्मा है। उन्होंने कहा कि सारी दुनिया की साक्षी हम खोज रहे हैं।हमने दर्पण में अपना चेहरा देखा अनुभव में ये नही लाना है, अनुभव में ये लाना है- मैंने अपनी आँखों से अपना खुद का चेहरा देखा। दर्पण में चेहरा देखने का नाम है बहिमुर्खी, बहिरात्मा। जब जब हमें भगवान की अनुभूति होती है भगवान दर्शन करते ही तब हमें पुण्य का बन्ध होता है, संसार की ऊँचाईयाँ मिलती है क्योंकि हमने संसार के सर्वोत्कृष्ट व्यक्ति को पहचान लिया और जो संसार के सर्वोत्कृष्ट मूल्यवान वस्तु को पहचान लेता है समझना एक दिन वह संसार का सर्वोत्कृष्ट पद प्राप्त कर लेता है।

# उपाध्याय ने किया महात्मा गांधी स्कूल का निरीक्षण



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। डायट मसूदा की वरिष्ठ व्याख्याता चेतना उपाध्याय ने गुरुवार को शहर में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खाटाओली का शाला संबलन के तहत निरीक्षण किया। संस्था प्रधान गुमान सिंह जादौन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिड डे मील, शाला दर्पण, मिशन स्टार्ट, ब्लू पिक गोली, विद्यालय गणवेश की राशि पूर्ण वितरण एवं खाते में जमा होने की जानकारी, स्कूल की व्यवस्था एवं कक्षाओं में कक्षा 8 प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र की तैयारी साथ ही आर के एस एम बी के गतिविधि के अंतर्गत कक्षा 3,5 और 8 की हिंदी गणित और अंग्रेजी विषय के कार्य पुस्तिकाओं का अवलोकन किया और कक्षा 9 की छात्रों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने रोबोटिक लैब की जानकारी भी ली।

# कुण्डलपुर में आचार्य पदारोहण महामहोत्सव हेतु समिति प्रभारी एवं सदस्यों की बैठक आयोजित हुई



राजेश जैन रागी/रत्नेश जैन बकस्वाहा. शाबाश इंडिया

कुण्डलपुर। श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी समिति पदाधिकारी के साथ समिति सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक की शुरूआत कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई। मंगलाचरण की प्रस्तुति रविंद्र जैन द्वारा की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक वीरेश सेठ ने लेआउट को प्रोजेक्ट द्वारा प्रदर्शित करते हुए आगामी कार्यक्रम में की जा रही व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा हम दमोह जिला वाले कुण्डलपुर में अच्छे से अच्छी व्यवस्था सभी के सहयोग से करेंगे । सभी का ध्यान रखते हुए सभी व्यवस्थाएं जुटाए जा रही हैं। कार्यक्रम हेतु विशाल मंच तैयार किए जाएंगे। डोरमेट्री बनाकर अधिक से अधिक लोगों को रुकने व प्रसाधन की व्यवस्था की जाएगी। 45 समितियां गठित की गई हैं जिनके प्रभारी बनाकर व्यवस्थाएं सौंपी गई हैं। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को नजदीक ही सभी व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं।



# 1008 यात्रियों को सम्मेद शिखर दर्शनों का मिलने वाला है अवसर

## इस साल 13 से 24 अक्टूबर तक रहेगी यात्रा, कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन मेवाड़ रीजन की ओर से सम्मेद शिखर धार्मिक यात्रा का आयोजन आगामी अक्टूबर माह में किया जा रहा है, यात्रा 13 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024 के लिए उदयपुर से रवाना होगी। इस धार्मिक यात्रा को लेकर कार्यालय उद्घाटन अशोक नगर के विज्ञान समिति सभागार के पास लोकाशाह जैन स्थानक में किया गया, साथ ही धार्मिक यात्रा का पोस्टर विमोचन भी हुआ जिसमें शहर विधायक ताराचंद जैन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत, उप महापौर पारस सिंघवी, प्रमुख समाजसेवी मोहन सिंह दलाल, सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी मांगीलाल लुणावत, बी. एच. बापना, ओंकार सिंह सिरोया, लक्ष्मण सिंह कर्णावट, कुलदीप नाहर, इंदरसिंह मेहता सहित रीजन से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। सम्मेद शिखर धार्मिक यात्रा की जानकारी देते हुए रीजन के अध्यक्ष अनिल नाहर ने बताया कि 13 अक्टूबर को उदयपुर से धार्मिक यात्रा की ट्रेन रवाना होगी, जिसमें 18 कोच यात्रियों के लिए बुक रहेंगे, धार्मिक यात्रा हस्तिनापुर, अयोध्या, बनारस ,पावापुरी ,लछुवाड़ जी, गुणीया जी ,राज गिरी जी, वीरायतन जी, कुंडलपुर, पार्श्वनाथ जी से होकर सम्मेद शिखर पहुंचेगी, इस यात्रा में 1008 यात्री शामिल होंगे। यात्रा के मुख्य संयोजक मनमोहन राज सिंह ने बताया कि धार्मिक यात्रा के लिए उद्घाटित कार्यालय का समय रोजाना शाम 5:00 से 8:00 बजे रहेगा , इस यात्रा के लिए संयोजक रूप में दिलीप सुराणा, प्रकाश कोठारी, अर्जुन खोखावत, पारस ढेलावत, राजेंद्र गोखरू, मुकेश जैन और पिंकी मंडावत, मधु खमेसरा, जितेंद्र हरकावत, पंकज माण्डावत को नियुक्त किया गया है। रीजन के चेयरमैन इलेक्ट अरुण मांडोत ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा में 108 विधवा दिव्यांगजन व आर्थिक रूप से अक्षम स्वधर्मियों को निःशुल्क एवं रियायती दर पर ले जाया जाएगा। मेवाड़ रीजन के सचिव महेश पोरवाल ने बताया कि धार्मिक यात्रा के लिए स्वागत,वित्त, पंजीयन, आवास, भोजन, चिकित्सा, महिला, धार्मिक आयोजन, भक्ति संध्या और प्रचार प्रसार की समितियां बनाई गई है।

# साधु कुछ देते नहीं, आपका शगुन बन जाते हैं : मुनिश्री सुधासागर जी

**मुनिश्री की छतरपुर नगर में हुई भव्य आगवानी, दुल्हन की तरह सजा शहर। विशाल धर्मसभा में उमड़ा देशभर के श्रद्धालुओं का समूह**









**राजेश जैन रागी / रत्नेश जैन बकस्वाहा.**
**शाबाश इंडिया**

छतरपुर। पूज्य संतशिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य निर्यापक श्रवण मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज का छतरपुर नगर में प्रथम ऐतिहासिक मंगल प्रवेश 14 मार्च 24 गुरुवार को सुबह आठ बजे भारी जनसमूह वाली शोभायात्रा में शामिल गाजों - बाजों और जयकारों के साथ हुआ। मुनिश्री आरटीओ ऑफिस मेन रोड , बस स्टैंड से चौक बाजार होते हुए एवं बाजार मार्ग के सभी जैन मंदिरों के दर्शन करते हुये पुरानी तहसील प्रांगण पहुंचे। यहां शोभायात्रा एक विशाल धर्मसभा में तब्दील हो गई, जहां उनके प्रेरक प्रवचन हुए। इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश अरविन्द जैन को गुरुवर ने शुभाशीर्वाद प्रदान किया। जैन समाज छतरपुर के डा.सुमति प्रकाश जैन एवं समाज के उपाध्यक्ष रीतेश जैन ने बताया कि मुनिश्री ससंघ का मंगल विहार कानपुर से छतरपुर की ओर 29 फरवरी को शुरू हुआ था। मुनिश्री के संघ की 14 मार्च को छतरपुर में भव्य आगवानी की गई। शोभा यात्रा में सभी पुरुष सफेद कुर्ता पैजामा, अलग अलग महिला मंडल अपनी निर्धारित केसरिया, लाल और पीली साड़ी पहने चल रहे थे, जो आकर्षण का केंद्र बने रहे। बैंड पार्टियां भजनों की मधुर प्रस्तुतियां देती चल रहीं थीं। जबलपुर से आए युवाओं के रंगोली दल ने भी अपनी कला से सबका मन मोहित कर दिया। ये रंगोली दल शोभायात्रा के आगे आगे बेहद फुर्ती से अनेक चित्ताकर्षक रंगों से नयनाभिराम रंगोली बनाते चल रहे थे। इस पावन अवसर पर नगर को तोरण द्वारों, झंडियों, गुब्बारों आदि से दुल्हन की तरह सजाया गया। पुरानी तहसील परिसर में हुई विशाल धर्मसभा के प्रारंभ में पूज्य आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के मोहक चित्र का अनावरण तथा दीप प्रज्ज्वलन विशिष्ट अतिथियों ने किया। इस अवसर पर महाराज श्री सुधा सागर जी ने अपने मांगलिक प्रवचन में कहा कि साधु आपको कुछ देते नहीं है, पर आपके लिए शगुन बन जाते हैं, फिर शगुन से आपकी सफलता आसान हो जाती है। मुनिश्री ने छतरपुर की जैन समाज की सराहना करते हुए कहा कि आप लोग साधु की आगवानी बहुत अच्छी करते हैं। आपकी अगाध श्रद्धा के कारण आधे घंटे का रास्ता दो घंटे में पूरा हुआ, ये साधु भक्ति की पराकाष्ठा है। मुनिश्री ने कहा कि दर्पण की बजाय अपने भीतर की आत्मा को देखो, पहचानो और उसके कल्याण के लिए इस भव में भी अच्छे कार्य करो। साधु भी न्याय की देवी के समान आंखों में काली पट्टी बांध कर सबसे निष्पक्ष और समान व्यवहार करते हैं। कार्यक्रम में मुनिश्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य समाज सेवियों स्व बाबू प्रेमचंद जैन के पुत्रों अभय, विजय, कल्लू जैन आदि कुपीवाला परिवार तथा शिखर चंद जैन रमेशचंद जैन अहिंसा परिवार को मिला।कार्यक्रम का संचालन कर रहे श्री राजेश बड़कुल ने अपना काम बखूबी निभाया। छतरपुर आने के पूर्व तक जैन समाज छतरपुर के अध्यक्ष अरुण जैन अन्नू, उपाध्यक्ष अजय फट्टा, रीतेश जैन, महामंत्री स्वदेश जैन, कोषाध्यक्ष जीतेन्द्र जैन, सहमंत्री अजित जैन सहित अनेक समाजसेवी प्रतिदिन मुनिश्री का आहार और बिहार कराने उनके पास पहुंच कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते रहे हैं। देश के कोने कोने से भी मुनिभक्त छतरपुर पधार रहे हैं। कानपुर के मुनिभक्तों आलोक जैन,अमोद जैन,अमित जैन( बंटी )पीयूष जैन, अनिल जैन ने बताया कि कानपुर में उन्हें मुनिश्री की भक्ति का खूब अवसर और आशीर्वाद मिला। अनेक सुदूर नगरों और समीपी क्षेत्रों के लोगों ने भी गुरुवार को छतरपुर पधार कर मुनिश्री के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सायंकाल बड़े जैन मंदिर में मुनिश्री ने प्रश्नोत्तरी सभा में सभी श्रद्धालुओं की जिज्ञासा तथा प्रश्नों का सटीक समाधान किया।आज गुरुवार को नगर में मुनिश्री के मांगलिक प्रवेश के ऐतिहासिक पल को हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी आँखों और कैमरे में कैद किया।बड़ी संख्या में भक्तजन तथा कई प्रमुख व्यक्तित्व भी मुनिश्री की आत्मीय आगवानी हेतु पहुँचे थे। मुनिश्री जनभावना को ध्यान में रखते हुये सभी भक्तों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। जहाँ भी मुनिश्री पहुंचते हैं सारा आसमान उनके जयकारों से गुंजायमान हो जाता है। मुनिश्री की भव्य, सानंद, निर्विध्न और ऐतिहासिक आगवानी में जनप्रतिनिधियों , जिला तथा पुलिस प्रशासन, ट्रैफिक प्रभारी सहित नगरवासियों का सराहनीय योगदान रहा। जैन समाज कार्यकारिणी ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार ज्ञापित किया है।

# 19वें तीर्थंकर श्री 1008 मल्लिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण दिवस मनाया



**धुलियान मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल. शाबाश इंडिया**

14 मार्च सबसे कम समय में सिद्धिलाभ कर श्री सम्मेद शिखर पर्वत के संवल कूट से मोक्ष प्राप्त करने वाले तीनलोक के नाथ 19वे तीर्थंकर श्री 1008 मल्लिनाथ भगवान का धुलियान मंदिर जी में हर्षोल्लास के साथ चड़ाया गया..संजय बड़जात्या

# भक्तों को समझाया जैन धर्म क्या होता है: क्रांतिवीर मुनि श्री प्रतीकसागर जी महाराज



**आगरा. शाबाश इंडिया**

कमलानगर स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर के संत निलय में जैन दर्शन प्रारम्भिक ज्ञान शिक्षण शिविर 14 मार्च से शुरू हो चुका है। गणाचार्यश्री पुष्पदंतसागर जी महाराज के शिष्य क्रांतिवीर मुनिश्री प्रतीकसागर जी महाराज के मुखार बिंद से जैन दर्शन का सरल भाषा में अलौकिक ज्ञान शिविरार्थियों को कराया जा रहा है। छह दिवसीय शिविर का शुभारंभ सौभाग्यशाली भक्तों ने भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया। साथ ही महिला ने भक्ति गीत पर मंगलाचरण किया। मुनि श्री प्रतीक सागर जी महाराज ने सम्बोधित करते हुए जैन दर्शन के बारे में समझाया। इस दौरान सौभाग्यशाली भक्तों ने मुनिश्री के समक्ष श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। शिविर का संचालन मनोज जैन बाकलीवाल द्वारा किया गया। संयोजक मनोज जैन बाकलीवाल ने बताया कि ज्ञान शिक्षण शिविर के दूसरे दिन 15 मार्च को श्री महावीर दिगंबर जैन मदिर कमला नगर में प्रातः8:00 बजे से 10:00 बजे तक मुनि श्री प्रतीक सागर जी महाराज विशेष धर्मसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्य संयोजक जगदीश प्रसाद जैन,प्रदीप जैन पीएनसी,मनोज जैन बाकलीवाल,अनिल जैन रईस, नरेश जैन,अनिल जैन,महेश जैन, समकित जैन,शुभभ छोटू जैन,समस्त कमला नगर जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 35 वर्षों के बाद गुरु का जालौर में आने पर भक्तों का उमड़ा जन सैलाब, नगर प्रवेश

## आत्मा अजर अमर अविनाशी है-प्रवर्तक सुकन मुनि महाराज



**सुनील चपलोत. शाबाश इंडिया**

**जालोर।** जैन धर्म एवं भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के बीच हजारों श्रावक-श्राविकाओं की मौजूदगी में संत शिरोमणी प्रवर्तक सुकनमुनि जी महाराज उपप्रवर्तक अमृत मुनि जी, युवाप्रणेंता महेश मुनि, बालयोगी अखिलेश मुनि, डॉ.वरूणा मुनि आदि ठाणा 5 का फलो का वास आचार्य श्री रघुनाथ स्मृति जैन भवन में होली चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश हुआ। गुरुवार को प्रातः8 बजे सुरजपोल से भव्य शोभा यात्रा जय जयकारों के नारों से मुख्य मार्गों को गुंजायमान करते हुये श्रीसंघ और सकल जैन समाज के श्रावक श्राविकाएं कलश लेकर जैन संतो के साथ चल रही थी और श्रीसंघ और सकल जैन समाज के पदाधिकारी पूज्य गुरूदेव के 35 वर्षो के लम्बे अंतराल के बाद पधारने पर मंगल भावना के साथ हर्ष के साथ नगर प्रवेश की शोभा बढ़ाई।

# पानी बचाओ का सकल्प लेकर फाग उत्सव मनाया चंदनबाला महिला मंडल शास्त्री नगर की बहनों द्वारा



**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। हरणी महादेव के समीप निजी रिसोर्ट मे पानी बचाओ का सकल्प लेकर फाग मोहत्सव मनाया। गुरूवार को चंदनबाला महिला मंडल की कहि महिलाओ ने बड़े ही हर्षोंउल्लास के साथ समाज सेवीका पूर्व सभापति मंजू पोखरना की अध्यक्षता मे फाग उत्सव कार्यक्रम रखा गया। जिसमे मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल ने मंडल की वरिष्ठ महिलाओं और पदाधिकारियों मे मीना कोठारी,सुमित्रा सिंघवी,पारस झामड़ प्रेम देवी भंडारी,कांता छाजेड,कमला चौधरी,सुशीला छाजेड, ललिता बापना,अंगूरबाला पितलिया, सुशीला गोखरू,लाड़ बाबेल,दिलखुश डागलिया,सुषमा चपलोत,प्रेम देवी तातेड,प्रेम देवी लोढ़ा,अनीता मेडतवाल आदि सभी को उपर्णा, शाल माला तथा वर्षीतप की आराधना करने वाली तपस्वी बहनो मे सुनीता झामड़,उषा बाबेल,लाड़ मेहता का शाल, तिलक चुंदड़ी और खोलभर मंडल की नीता बाबेल, मंजु बापना , कमला चौधरी, उमा आँचलिया, रजनी सिंघवी, वनिता बाबेल, अंजना सिसोदिया, वंदना लोढ़ा, सरोज मेहता,आशा संचेती, रश्मि लोढ़ा ने वर्षीतप की अनूमोदना की। इस दौरान सभी बहनो ने फाग के गीत गाए और तंबोला, चेयररेस, खेल खेले तथा होली पर रंगो से न खेल कर होली को धर्म,ध्यान व तप करके होली पर्व मनाने का सामूहिक निर्णय लिया गया।

# जनकपुरी में मनाया गया जैन धर्म के 19वें तीर्थंकर भगवान मल्लीनाथ का मोक्ष कल्याणक





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में शनिवार को तीर्थंकर भगवान श्री 1008 मल्लीनाथ का निर्वाण महोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मन्दिर समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि भारत के प्राचीन जिन धर्म के 19वें तीर्थंकर भगवान श्री मल्लिनाथ का जन्म मिथिलापुरी के इक्ष्वाकुवंश में मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी को अश्विन नक्षत्र में हुआ था। इनके माता का नाम माता रक्षिता देवी और पिता का नाम राजा कुम्भराज था। इनका निर्वाण सम्बल कूट शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर से हुआ था। मन्दिर में अभिषेक वृहत शान्तिधारा व पूजन के बाद निर्वाण काण्ड का वाचन किया गया तथा इसके बाद भगवान के मोक्ष कल्याण का अर्घ – फाल्गुन शुक्ला पंचमी, अघाति विधि कर हान सम्मेदाचल से बने, सिद्ध शुद्ध भगवान॥ बोलते हुए जयकारो के साथ निर्वाण लाडु मय श्रीफल व दीपक के उपस्थित श्रावकों द्वारा चढ़ाया गया।

## आचार्य श्री के सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी की खड्गासन प्रतिमा का मस्तकाभिषेक



**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर जी । स्थानीय दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में विराजमान आचार्य श्री वर्तमान के वर्धमान परम पूज्य चतुर्थ पट्टाचार्य आचार्य श्री 108 सुनीलसागर जी महाराज, सप्तम पट्टाचार्य आचार्य श्री 108 अनेकांत सागर जी महाराज, आचार्य श्री 108 शशांक सागर जी महाराज, आचार्य श्री 108 विमल सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में चरण चिन्ह छतरी पर विराजमान चौबीसी खडगासन प्रतिमा भगवान महावीर स्वामी का मस्तकाभिषेक किया गया। पंडित मुकेश शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ 19 वें तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ जी का मोक्ष कल्याणक निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। आचार्य श्री ने अपने मंगल प्रवचन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, मेरी बचपन में भावना जागृत हुई, जिसे संजोगकर रखा और आज श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र में भगवान महावीर प्रभु के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं बहुत समय तक प्रभु को निहारता रहा, निहारता रहा। भीतर ही भीतर प्रभु से बात करता रहा, और सोचता रहा इनकी मूरत इतनी शांत है, तो वह भीतर से कितने शांत होंगे। राग, द्वेष, मोह रूपी मायाजाल में एक प्रभु का दरबार ही सच्चा दरबार है दुनिया में सब कार्य आसान है, सबसे कठिन कार्य यदि कोई है तो वह शांतचित्त होकर बैठना। रकोई दौलत पर नाज करते हैं, कोई शोहरत पर नाज करते हैं, हमें मिला प्रभु का दरबार, हम अपनी किस्मत पर नाज करते हैंर। अपने रूप, धन, वैभव मान प्रतिष्ठा तो हर कोई चाहते हैं लेकिन वे सौभाग्यशाली जीव है जो अपने जिनधर्म देव, शास्त्र गुरु पर नाज करते हैं। आज का प्राणी धन पाकर अहंकारी हो जाता है, वे सब नाशपान है स्थिर नहीं है धन कब नष्ट हो जाए कोई भरोसा नहीं। भगवान की भक्ति से भक्त को वो रस मिलता है जो कई जन्मों के सद्गुणों से भी नहीं मिलता। इसलिए भक्तों को हर पल प्रभु भक्ति में लीन रहकर इस जीवन रूपी सफर को पार करना चाहिए। इस अवसर पर मैनेजर प्रवीण जैन नेमी कुमार पाटनी, विकास पाटनी, साहबसिंह गुर्जर, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अध्यक्ष चंद्रेश कुमार जैन, राजकुमार पांडया, संजय भंडारी, चंदन वाला महिला मंडल, आदि जैन समाज की गणमान्य लोग एवं धर्म सभा में आए हुए बाहर से सैकड़ो धर्मावलंबियो ने धर्म लाभ लिया।

## 19 वे तीर्थंकर भगवान मल्लीनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक पर्व मनाया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशियल एंड कल्चरल ग्रुप ज़िला बांसवाड़ा द्वारा जैन धर्म के 19वे तीर्थंकर भगवान मल्लीनाथ स्वामी का निर्वाण दिवस पारंपरिक श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। ग्रुप के जिला बांसवाड़ा संयोजक अजीत कोठिया ने बताया की प्रातः सभी जिनालयों मे मल्ली प्रभु का जलाभिषेक कर उन्हे अर्घ्य समर्पित किए गए। निर्वाण कांड भाषा के समवेत स्वर में पाठ के बाद प्रभु को मुक्ति का प्रतीक निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। उल्लेखनीय है मल्लिनाथ भगवान शाश्वत तीर्थ राज सम्मेदशीखरजी से फाल्गुन पंचमी को संवल कूट से मोक्ष को प्राप्त हुऐ थे। इस अवसर पर जैन समाज ने सभी अहिंसा प्रेमियों को मल्लीनाथ मोक्ष कल्याणक पर्व की शुभकामनाएं दी।

## जयकारों के बीच 131 यात्रियों का दल सम्मेदशिखर जी रवाना



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन समाज समिति हीरा पथ के सानिध्य में 6 वी बार सम्मेद शिखर जी की यात्रा के लिए 131 यात्रियों का दल गुरुवार को जयपुर जंक्शन से मुख्य संयोजक बाबूलाल विन्दायका के नेतृत्व में रवाना हुआ। समाज समिति के अध्यक्ष धन कुमार- मीना कासलीवाल ने बताया कि यात्रियों का दल 17 से 25 मार्च तक सम्मेद शिखरजी में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान शांति धाम स्थित मंदिर में करेगा। जिसमें सिद्धों की आराधना अष्ट द्रव्य से की जाएगी। 17 मार्च को झंडारोहण प्रतिष्ठाचार्य विमल बनेठा परिवार करेंगे। जबकि महामंडल विधान में सौधर्म इंद्र छुट्टन कुमार -उषा बड़जात्या होंगे। मंत्री सुरेंद्र जैन- सुलोचना कासलीवाल ने बताया कि महामंडल विधान में कुबेर इन्द्र कमल किशोर- प्रेम देवी वडजात्या होगे। जयपुर जंक्शन पर जहां एक और यात्रियों में सम्मेद शिखर जाने की खुशी थी वहीं दूसरी ओर भगवान पारसनाथ के जय करें जयपुर जंक्शन पर गूंज रहे थे।